# कार्यालय सहायक आयुक्त(प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

क्रमांकः–एफ.1(35)लेखा/निविदा/धर्मशाला लीज/2020/A–37 दिनांकः– 22/1/2021

आयुक्त महोदय,

देवस्थान विभाग,

राजस्थान–उदयपुर।

विषयः– धर्मशाला को लीज पर देने हेतु की गई निविदा के सम्बन्ध में Corrigendum जारी करने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मंदिर श्री बल्देव परशुरामद्वारा आमेर रोड़ जयपुर में नवनिर्मित धर्मशाला को लीज पर देने हेतु इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा सूचना क्रमांक A–301 दिनांक 22.12.2020 जारी की गई थी जिसमें बोलीदाताओं द्वारा बोली Eproc portal पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 22.01.2021 समय 6 P.M. थी तथा बिड सिक्यूरिटी राशि व बिड फीस के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक इस कार्यालय में जमा करवाने की अंतिम तिथि 21.01.2021 समय 6 P.M. तक थी। इस निविदा के सम्बन्ध में प्री–बिड मीटिंग में उपस्थित इच्छुक बोलीदाताओं तथा दिनांक 21.01.2021 को बिड सिक्यूरिटी राशि व बिड फीस के डी0डी0 जमा करवाने वाले बोलीदाताओं के सुझावों के आधार पर इस निविदा के सम्बन्ध में बोलीदाताओं के भ्रम की स्थिति को समाप्त करने के लिए कुछ बिन्दुओं का स्पष्टीकरण जारी करना आवश्यक हो गया था। अतः उक्त निविदा की अवधि में 15 दिन की वृद्धि करते हुए Corrigendum जारी कर दिया गया है उक्त Corrigendum को SPP Portal व Eproc portal पर अपलोड कर दिया गया है। Corrigendum की प्रति संलग्न कर निवेदन है कि उक्त Corrigendum को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करें।

संलग्नः– Corrigendum की प्रति

22/1/2021

(आकाश रंजन)
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

Scanned by CamScanner

# कार्यलय सहायक आयुक्त(प्रथम), देवस्थान विभाग जयपुर

क्रमांकः—एफ1 (35) लेखा/निविदा/धर्मशाला लीज/2020/A-34 दिनांकः— 22/1/2021

## Corrigendum

मंदिर श्री बल्देव परशुराम द्वारा आमेर रोड़ जयपुर में नवनिर्मित धर्मशाला हेतु इस कार्यालय द्वारा ई—निविदा सूचना क्रमांक एफ.1(35)लेखा/निविदा /धर्मशाला लीज /2020/A—301 दिनांक 22.12.2020 जारी की जा चुकी है। उक्त निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 22.01.2021 रखी गई थी। इस निविदा में बोली के सम्बन्ध में जानकारी हेतु आयोजित प्री—बिड मीटिंग में उपस्थित इच्छुक बोलीदताओं के सुझावों के आधार पर उक्त निविदा के सम्बन्ध में निम्नानुसार स्पष्टीकरणों के साथ Corrigendum जारी किया जाता है।

(1) निविदा के मुख्य दस्तावेज में अंकित न्यूनतम बोली दर 967000/— रूपये वार्षिक है।

(2) निविदा केवल बल्देव परशुराम द्वारा मंदिर परिसर में नवनिर्मित धर्मशाला भवन के सम्बन्ध में ही जारी की गई है। सफल बोलीदाता धर्मशाला भवन के अतिरिक्त मंदिर प्रांगण को व धर्मशाला के आसपास की भूमि का उपयोग नही कर सकेगा। धर्मशाला में प्रवेश एवं निकास धर्मशाला के सामने वाले गेट से ही रहेगा। अन्य किसी भी रास्ते तथा मंदिर के मुख्यद्वार से धर्मशाला में आगंतुको की आवाजाही पर पूर्णतः प्रतिबन्ध होगा।

(3) धर्मशाला वर्तमान में जिस अवस्था में है उसी अवस्था में सफल बोलीदाता को सम्भलाई जावेगी। देवस्थान विभाग द्वारा धर्मशाला में कोई भी मरम्मत कार्य, नल व बिजली फिटिग, पानी की टंकी रखवाना, पेयजल व्यवस्था आदि अन्य कार्य नही करवाया जावेगा। उक्त समस्त आवश्यक कार्य करवाने की पूर्ण जिम्मेदारी सफल बोलीदाता की ही होगी। इस पर व्यय होने वाली राशि सफल बोलीदाता द्वारा ही वहन की जावेगी।

(4) मंदिर के मुख्य द्वार के दोनों साईड में बनी हुई दुकानों पर पहले की तरह देवस्थान विभाग का कब्जा रहेगा। सफल बोलीदाता का इन दुकानों से कोई सम्बन्ध नही रहेगा।

(5) सफल बोलीदाता धर्मशाला/सम्पदा के मूल स्वरूप में कोई परिवर्तन नही करेगा। और उक्त धर्मशाला के पूर्ण भाग को अथवा आंशिक भाग को Sub let भी नही कर सकेगा।

(6) धर्मशाला के सामने बिजली का एक जनरेटर रखा हुआ है जो उद्योग विभाग का है। सफल बोलीदाता का उस जनरेटर पर कोई अधिकार नही होगा । तथा सफल बोलीदाता जनरेटर आदि की व्यवस्था अपने संसाधनों से ही करेगा।

[signature] 22.1.21

Hp/E/letter accounts

Scanned by CamScanner

(7) उक्त निविदा के अंतर्गत दिनांक 22.01.2021 तक जिन बोलीदाताओं ने अपनी बोली अपलोड़ की है। उनकी बोलियों पर भी उक्त Corrigendum प्रभावी होगा। मूल बिड प्रपत्र के साथ इस Corrigendum के आधार पर नवीन बोलीदाता भी इस बोली में शामिल हो सकेगे और जो बोलीदाता बोली अपलोड़ कर चुके है। इस Corrigendum के आधार पर उनकी इस निविदा में असहमति हो तो वे अपनी निविदा Withdrawal कर सकेगे।

(8) उक्त निविदा अवधि को 15 दिन बढ़ाते हुए निविदा अवधि में निम्नानुसार संशोधन किये जाते है।

| क्र. सं. | धर्मशाला का विवरण व स्थान | नीलामी की न्यूनतम बोली दर | बोली प्रतिभूति राशि | बिड फीस | बिड प्रोसेसिंग शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मंदिर श्री बलदेव जी, परशुरामद्वारा, आमेर रोड़, जलमहल के सामने, जयपुर में स्थित नवनिर्मित धर्मशाला | 9,67,000/— रूपये वार्षिक | 19340/—रूपये का डी.डी./बैंकर्स चैक सहायक आयुक्त (प्रथम), देवस्थान विभाग, जयपुर के नाम से, जो जयपुर में देय हो। | 1000/—रूपये का डी.डी./बैंकर्स चैक सहायक आयुक्त (प्रथम), देवस्थान विभाग, जयपुर के नाम से, जो जयपुर में देय हो। | 500/—रूपये का डी.डी./बैंकर्स चैक **MD RISL Jaipur** के नाम से, जो जयपुर में देय हो। |
| 2 | बिड डॉक्यूमेन्ट डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 22.12.2020 से | | | |
| 3 | बिड डॉक्यूमेन्ट अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 08.02.2021 तक | | | समय 6.00 पी.एम |
| 4 | बिड सिक्योरिटी राशि, बिड फीस एवं **RISL** प्रोसेसिंग शुल्क के डी डी एवं बैंकर्स चैक कार्यालय में जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 08.02.2021 तक | | | समय 6.00 पी.एम |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | दिनांक 09.02.2021 | | | |

(9) निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

22/1/21

(आकाश रंजन)
सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग,जयपुर

Scanned by CamScanner